तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

09 रेल लाइन दोहरीकरण के चलते यात्री ट्रेने बाधित



09 मेकाज के ईएनटी विभाग में शुरू हुआ साउंड...



## खबर संक्षेप

### बरगांव में डे- नाइट कबड्डी स्पर्धा आज

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम बरगांव में युवा संगठन के द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता आज 25 दिसंबर को आयोजित किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार 1 रुपए स्व. मनोज मंडावी के स्मृति में विधायक सावित्री मंडावी के द्वारा दिया जाएगा, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार 1 रुपए प्रेम सिंह बघेल अधीक्षक बालक आश्रम हाटकोंदल के द्वारा, तृतीय पुरस्कार 3 हजार 1 रुपए आनंद तेता उपाध्यक्ष विधानसभा भानुप्रतापपुर के द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 1501 सौ रुपए लालचंद दुग्गा अध्यक्ष आईटी सेल ब्लॉक दुर्गुकोंदल के द्वारा रखा गया है।

### करंट से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत डोमपदर निवासी 47 वर्षीय मंगतीन पति मनराखन का करंट लगने से 23 दिसंबर को दोपहर 1 बजें मौत हो गया। मृतिक के पति 50 वर्षीय मनराखन तारम ने पुलिस को बताया कि मृतिका को बिजली करंट लगा था। इलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात ट्रैक्टर की ठोकर से अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत रानवाही के पास अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हाटकर्रा निवासी 50 वर्षीय ललतू राम यादव पिता रप्तेसिंह को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आया। गंभीर चोट आने की वजह से ललतू राम का मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 304 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 24 दिसंबर की रात 8 बजें सड़क दुर्घटना में रामकृष्णपुर पीव्ही 25 निवासी 33 वर्षीय नीतेश मण्डल पिता नानी गोपाल को गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए सीएचसी पखांजुर में भर्ती किया गया, जिसका ईलाज के लिए मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पानी में डूबने से युवक की हुई मौत, जांच शुरू

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत दरगढ़ निवासी 32 वर्षीय बजनू राम कल्लो पिता मानूराम का 19 दिसंबर को पानी में डूबने से मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत पानी में डूबने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मसीह समाज ने क्रिसमस मिलन समारोह में प्रभु यीशु की प्रर्थना की



**चारामा।** मसीह समाज सेवा समिति चारामा के द्वारा 23 दिसम्बर को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन मण्डी प्रागण चारामा में किया गया, जिसमे यीसु मसीह का जन्म उत्सव की शुरूआत प्रार्थना से करके किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मन्नु साहु, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव मसीह एवं सचिव राम कुमार मण्डावी, यीसु मसीह के बारे में जानकारी देते हुए कहा की प्रभु यीसु मसीह जगत के उदधार करने के लिए आए है। परमेष्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विष्वास करे वह नाश न हो परन्तु अनन्त जीवन पाए। मिलन समारोह में महिलाओं के द्वारा शेष पेज 8 पर

## सियासत : बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार से कांकेर तक जगह-जगह स्वागत के लिए उमड़ी जनता

# किरण - केदार के स्वागत में भाजपा नेताओं के साथ साथ व्यापारी और शहरवासी स्वमेव उमड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर के प्रवेश द्वार जिले के चारामा से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और केबिनेट मंत्री केदार कश्यप का ऐतिहासिक स्वागत कांकेर के दुधावा चौक तक हुआ। इस 30 किमी. की दूरी को तय करने में काफिले को तीन घंटे लग गए। स्वागत करने के लिए भाजपा, चिकित्सक, व्यापारी, राजपूत समाज, मुस्लिम समाज व अन्य समाज स्वमेव उमड़ पड़े। स्वागत के लिए जुटी भीड़ के चलते कई जगह जाम भी लगता रहा, जिसे कोतवाली पुलिस जाम को बहाल करने में लगी रही।

- स्वागत और अभिनंदन का अविस्मरणीय माहौल बना
- किरण देव को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाया और केदार कश्यप को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है
- 30 किमी. की दूरी को तय करने में काफिले को लगे तीन घंटे

प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और बस्तर के एक मात्र केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के कांकेर जिला के प्रथम आगमन की जानकारी मिलते ही उनके स्वागत की तैयारी के लिए एक दिन पहले से भाजपा पदाधिकारी जुट गए थे, वहीं कई संगठन स्वमेव स्वागत करने के लिए सड़क पर आ गए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित गुंडाधुर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, उसके बाद ऊपर नीचे रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान भगवान के दर्शन करने के उपरांत कलेक्टोरेट तिराहा पर स्थित महाराण प्रताप और रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत करने के लिए लोगों में स्वमेव उत्साह देखने को मिला और लोग सड़को पर उतर गए थे। दस-दस कदम की दूरी पर जत्था स्वागत करने के लिए दोपहर 12 बजे से खड़ा हुआ नजर आया। चारामा से कांकेर जिला में जिस प्रकार से स्वागत हुआ, ऐसा उत्साह बहुत दिनों बाद देखने को मिला। स्वस्फूर्त स्वागत का माहौल राजनीति के क्षेत्र में बहुत कम ही देखने को मिलता है। दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक कांकेर शहर का माहौल भगवामय हो गया था। शेष पेज 8 पर





### राजपूत समाज ने भेंट की तलवार



प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ओर केबिनेट मंत्री केदार कश्यप कलेक्टोरेट तिराहा में सबसे पहले महाराणा प्रताप और रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यापर्णय किया। इसके उपरांत राजपूत समाज के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, सरोज ठाकुर, राजीवलोचन सिंह, ज्ञानेश चौहान, आलोक ठाकुर, निखिल राठौर, अनूप सिंह, राजकुमार राठौर, नारद सिंह राजपूत, अमित राठौर, सरकार सिंह ठाकुर, घनेंद्र ठाकुर और समाज के अन्य सदस्यों ने दोनो अतिथियों को साफा पहनाकर तलवार भेंट किया।

### चिकित्सक टीम ने किया जोरदार स्वागत

माहुरबंदपारा में श्रीराम हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राजीव जायसवाल और उनके स्टाप के अलावा भाजपा नेता आलोक ठाकुर, राजीवलोचन सिंह, निखिल राठौर, अनूप सिंह ने आतिशबाजी कर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और केबिनेट मंत्री केदार कश्यप का स्वागत किया। दोनो जनप्रतिनिधियों ने डॉ. जायसवाल से दुबारा मिलने का वादा भी किया।

### कांकेर शहर में जगह जगह हुआ स्वागत

कांकेर शहर में माकड़ी से शुरू हुआ स्वागत ज्ञानी चौक पर रूका। माकड़ी के बाद नंदनमारा, गोविंदपुर, एकता नगर में मुहल्लेवासी, माहुरबंदपारा में डॉक्टर एवं मेडिकल स्टोर संचालक, लेक व्यूह हॉटल, गिल्ली चौक में मुस्लिम समाज, पुराना बस स्टैंड में कांकेर शहर मंडल, कलेक्टोरेट तिराहा में राजपूत समाज और ज्ञानी चौक पर हल्बा समाज ने स्वागत किया।

# बुजुर्ग कोचावी पेड़ से गिरा सिर और धड़ हुआ अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम गुलालबोड़ी में 60 वर्ष परसराम कोवाची पिता ठेमाराम कोवाची पेड़ से गिर गया। पेड़ से गिरने से गले से सिर तक का हिस्सा सिर से अलग हो गया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्गुकोंदल थाना में मृतक का दामाद सोमनाथ गोटा ने पुलिस को बताया कि मेरे ससुर अपने घर से 50 मीटर की दूर साजा पेड़ में चढ़कर कटाई कर रहा था, इसी दौरान पेड़ के कटे हुए शाखा से दूसरा पेड़ से टकरा गया और कटाई करने वाला परसराम कोवाची साथ टकराया और कटे हुए पेड़ की शाखा के साथ परसराम कोवाची जमीन पर गिर गया और पेड़ की शाखा से कटकर सिर धड़ से अलग हो गया। थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि खुद के जमीन में खड़े पेड़ की शाखा को काट रहा था।



पेड़ की शाखा के साथ खुद जमीन में गिरकर इसकी चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के द्वारा जानकारी दिए जाने के उपरांत घटना स्थल पहुंचकर पंचनामा और पीएम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# ट्रैक्टर पार्किंग विवाद में दो भाइयों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली थानांतर्गत भण्डारीपारा के गली में ट्रैक्टर व ट्राली को गली के बीचों बीच खड़े करने से आने जाने में परेशानी हो रही थी। रात बाईक सवार युवक उसी गली से गुजर रहा तो उसको गली से बाईक निकालने में परेशानी हुई। युवक ने वाहन मालिक व उसके भाई को ट्रैक्टर को किनारे में खड़ी करने कहा, इतने में दोनो भाईयों ने मिलकर युवक की पिटाई कर दिया।

- गली में ट्रैक्टर पार्किंग के कारण बाइक चालक से हुआ विवाद

थाना में शिकायत करने पहुंचे भंडारीपारा निवासी 35 वर्षीय कैलाश यादव पिता चैतू राम



यादव ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हू। मैं 23 दिसंबर की रात को कांकेर की ओर से अपने घर भण्डारीपारा जा रहा था, तभी करीबन 8 बजें पोखन यादव अपने घर के सामने ट्रैक्टर व ट्राली को खड़ी किया था, जिससे मोटर सायकल सहित अन्य वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही थी। मैने आरोपी पोखन यादव से बोला कि अपना ट्रैक्टर व ट्राली को बीच रोड में खड़ा कर दिए हो, जिससे आने जाने में परेशानी हो रहा है। ट्रैक्टर व ट्राली को यहां से हटाकर किनारे कर दो, कहने पर पोखन यादव विवाद करते हुए गाली गलौज करने पर ऊतारू हो गया। गाली देने से मना किया तो पोखन यादव तथा उसका भाई कौशल यादव दोनो एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिरा दिया, जिससे मुंह, होंठ व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ घारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बाइक को बाइक ने पीछे से ठोंका, पति-पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत भिरौद के आम बगीचा के पास दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर घर जा रही पति-पत्नि को पीछे से आ रही अन्य वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बाईक में सवार पति - पत्नि को चोट आया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे उंकारी निवासी 38 वर्षीय खिलेश सिंहा पिता तिहारू राम ने पुलिस को बताया कि 23 दिसंबर को मोटर सायकल सीजी 19 बीपी 3521 में



पत्नी पुनबत्ती सिन्हा के साथ ग्राम जुनवानी में दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद ग्राम जुननवानी से आ रहे थे, तभी 23 दिसंबर की शाम करीबन 4 बजे भिरौद के आम बगीचा के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एस 7999 शेष पेज 8 पर

# सैनिक की दिनचर्या से अनुशासन का पाठ सीखना है फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रहरदेव स्कूल में 8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। 8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी द्वारा 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ नरहरदेव स्कूल में 24 दिसंबर को किया गया, इस कैंप का समापन 2 जनवरी को होगा।

कैंप कमाण्डेन्ट लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेंद्र फल्सवाल ने बताया कि कैंप में भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज, शासकीय गैंदसिंह महाविद्यालय चारामा, शासकीय महाविद्यालय केशकाल, नरहरदेव स्कूल,



गोविंदपुर स्कूल, नवोदय विद्यालय करप, एकलव्य विद्यालय अंतागढ़, पखांजूर, सरोना, कोरर, भानुप्रतापपुर एवं दुधावा स्कूल के 498 कैडेट भाग ले रहे हैं। केशकाल कॉलेज से आए गर्ल्स कैडेट सनीता, पिंकी एवं पार्वती ने बताया कि यह उनका पहला कैंप है और काफी उत्साहित हैं। वे देश सेवा के शेष पेज 8 पर

- छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी का 10 दिवसीय कैंप नरहरदेव में जारी

# ग्राम कुहचे में पूजा-पाठ में टोका-टाकी पर विवाद व गाली गलौज, काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम कुहचे में पूजापाठ करने के दौरान पीछे से ठोकने की बात को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्ष ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दिया और गाली गलौज किया। दोनो पक्षों ने थाना में एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे कुहचे निवासी 39 वर्षीय रामकुमार दर्रो पिता स्व. मस्सुराम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। अपने गांव में परिवार वालो के साथ 22 दिसंबर को देव राऊड में देवधामी का पूजा कर रहे थे। करीबन 11 बजे कुछ लोग आए और हमारे पीछे बैठ गए, उसमें से आरोपी डेमन लाल उईके पिता घसियाराम के द्वारा दो तीन बार पीछे से ऊंची आवाज में टोका टाकी



करने लगा, मैंने उसे मना किया तो वह शांत हो गया। हमारे पूजापाठ कार्यक्रम खत्म होने के बाद मैंने उसे हमारे परिवार के बीच में बुलाया और बोला कि हमारे दर्रो परिवार के कार्यक्रम में क्यों टोका टाकी करते हो। इतना कहने पर आरोपी डेमनलाल उईके, घसियाराम उईके, धरमू राम उईके, सुक्कूराम दर्रो, चंद्रमणी दर्रो के द्वारा गाली गलौज कर जान से मार देने की धमकी देने लगा। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 147 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे शेष पेज 8 पर

## रात को बोनफायर कैंप में बच्चों ने कई फन गेम का उठाया लुफ्त

# एडवेंचर कैंप में प्राइमरी के बच्चों ने चांद सितारों की दुनिया परखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में प्राइमरी बच्चों के लिए आयोजित दो दिवसीय एडवेंचर कैंप में चांद सितारों की दुनिया देखने के साथ ही बोनफायर में छात्रों ने कई फन गेम का लुफ्त उठाया।

- बच्चे अपने दोस्तों के साथ टेंट में रात गुजारने का आनंद लिया

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल के परिसर में प्राईमरी के बच्चों के लिए दो दिवसीय एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप विद्यालय परिसर के मैदान में टेंट लगाकर आयोजित किया गया। आयोजित कैंप में पहली से पाँचवी तक के बच्चों ने रूचि दिखाई। बच्चें अपने दोस्तों के साथ टेंट के अंदर एक रात गुजारकर बहुत खुश नजर





आएं। कैंप के पहले दिन रात के समय टेलिस्कोप के द्वारा बच्चों को चांद सितारों की दुनिया दिखाई गई। चांद सितारों की सैर करके बच्चे बहुत रोमांचित हुए। सितारों की दुनिया और टेलिस्कोप से संबंधित प्रश्नों के सवाल जवाब और भी रोमांचकारी रहे। रात को बोनफायर के साथ बच्चों ने कई फन गेम का मजा लिया। धमाकेदार संगीत के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में आरोही लोहानी, मिष्ठी लालवानी एवं डिंपल पटेल के कोरियोग्राफी पर बच्चों ने डांस करते हुए शाम का समा बांधा। अपनी बारी का इंतजार करते संगीत की धुन पर थिरकते हुए बच्चों ने सभी खेलों का आनंद लिया । दूसरे दिन सुबह कैंप में बच्चों की शुरुआत एडवेंचर गेम से हुई जिसमें जिप लाइन, वॉल क्लाइंबिंग, आर्चरी, एयर गन, जोरोविंगबॉल का लुफ्त उठाया। एडवेंचर कैंप में शामिल ट्विंकल भास्कर ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि ऐसा कैंप हमेशा आयोजित होना चाहिए। मीनाक्षी वट्टी , युवान नेता, जीशान मेमन ने जिपलाइन जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स को काफी रोमांचकारी बताया। वॉल क्लाइंबिंग में आरोही पंजाबी ने शिखर पर चढ़कर फतह हासिल किया। आराध्या शर्मा, अर्णव श्रीवास्तव, अथर्व जायसवाल, आराध्या शर्मा ने आर्चरी एवं एयर गन को काफी रोमांचकारी बताया। कैंप का समापन विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे एवं उपप्राचार्य बी विजयन द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया गया। इस कैंप को सफल बनाने में प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी की शिक्षिकाओं का योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक शंकर गिदवानी एवं शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने सभी को बधाई दी।

हरिभूमि पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री व विधायक का क्षेत्र के भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

**केशकाल।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, नारायणपुर विधायक केदार कश्यप मंत्री और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद केशकाल मे प्रथम नगर आगमन हुआ, इन सभी का क्षेत्र के भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### चरमुड़िया में श्रीमद् भागवत कथा जारी

**डांडेसरा(धमतरी)।** रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में शिवलाल साहू पूर्व सैनिक की पुण्य स्मृति में साहू परिवार द्वारा 22 से 30 दिसम्बर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक जय महाराज शर्मा होंगे।

### सुशासन दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**धमतरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में नगर निगम कार्यालय में मनाई जायेगी। आयुक्त विनय कुमार के निर्देश पर उपयुक्त पीसी सार्वा ने अधिकारियों-कर्मचारी के साथ सुशासन दिवस की पूरी तैयारी कर ली है। निगम कार्यालय में सुबह 10 बजे रंगोली, निबंध प्रतियोगिता होगी। 12 बजे अटल विचार संगोष्ठी व अन्य आयोजन होंगे। सुशासन दिवस पर शाम 5 बजे अटल जी की जीवनी पर प्रदर्शनी, कविता पाठ, कवि सम्मेलन होगा।

### महिला सशक्तिकरण पर हुई विविध प्रतियोगिता

**धमतरी।** केएल उद्यानिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली, निबंध, चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य आरके पांडे ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रियदर्शी तिवारी, सुश्री केसरी साहू, सुश्री तनु सिंह, लोकनाथ साहू समेत समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे।

## सभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग के साथ प्रबंधन में ध्यान देने का निर्देश

# कोविड तैयारियों का जायजा लेने जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर अस्पताल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



देश के कई हिस्सों में बढ रहे कोविड के संक्रमण को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत दिवस वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा सभी जिलों में तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। जिसे देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार रविवार को जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा एवं अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर द्वारा जिला अस्पताल में कोविड के मरीजों के उपचार हेतु बनाये गए आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने यहां ऑक्सीजन, मरीजों हेतु बिस्तरों, वेंटीलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, टेस्टिंग कीट की उपलब्धता, स्टॉफ की उपलब्धता, शौंचालयों आदि की व्यवस्थाओं का मुआयना करते हुए उन्होंने आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया।

■ जिला अस्पताल में 20 बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड किया गया तैयार

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्तमान में जिला अस्पताल में 20 बिस्तरों की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त केशकाल, फरसगांव, बडेराजपुर में 20–20 एवं मर्दापाल में 10 बिस्तरों के आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की जा रही है। जिले में ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। जिले में 768 जंबो एवं 1124 छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 313 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, 13 वेंटीलेटर तथा पर्याप्त मात्र में दवाइयां, आरटीपीसीआर एवं रैपिड एंटीजन कीट उपलब्ध हैं। आपात स्थितियों के लिए पंचायत संसाधन केंद्र एवं निजी अस्पतालों को भी आइसोलेशन सेंटर एवं उपचार के लिए प्रयुक्त कर मरीजों के लिए प्रबन्ध करने के लिए प्लान तैयार किया गया है। इसके लिए तैयारियां भी कर ली गई हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा सभी उपकरणों की जांच करते हुए सभी कक्षों में पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था, ऑक्सीजन लाइनों की पहुंच की जांच की गयी। उन्होंने सभी विभागीय डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन कर सभी को किसी भी परिस्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने के लिए निर्देश दिए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं तथा विकासखण्ड स्तर पर भी नोडल नियुक्त किये जा चुके हैं। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, होम आइसोलेशन, कोविड सेंटर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दलों का गठन किया जा रहा है और सभी दलों को त्वरित कार्यवाही के लिए तत्पर रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर, डीपीएम भावना महलवार, सुरभि केशरवानी, झम्मन वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस के लिए स्वास्थ्य विभाग कोण्डागांव द्वारा लोगों से सर्दी बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी सामुदायिक केंद्र में उपलब्ध जाकर अपनी जांच कराने की अपील की है।

## नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री और विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

छत्तीसगढ़ में भाजपा के सत्ता में काबिज होने के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री मंडल का गठन हो चुका है। भाजपा ने जगदलपुर सीट से जीतकर आने वाले विधायक किरण देव को अपना नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है, तो वही पूर्व मंत्री रहे केदार कश्यप को फिर से एक बार मंत्रिमंडल में जगह मिली है। वहीं केशकाल विधानसभा में विधायक नीलकंठ टेकाम ने जीत हासिल की। इन सभी ने पदभार ग्रहण करने के बाद 24 दिसम्बर रविवार की शाम 6 बजे पहली बार फरसगांव नगर पहुंचे, जिनका कार्यकर्ताओं ने फूलमाला और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से बस्तर और कोरबा की सीट भाजपा के खाते में नहीं आई थी, लेकिन इस बार प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से प्रदेश की सभी 11 सीट भाजपा जीतकर आएगी। किरण देव ने कहा कि भाजपा की एक रीत रही है कि भाजपा जो कहती है वो करती है। इसलिए इस बार विधानसभा चुनाव में जनता के प्यार और आशीर्वाद से भाजपा की सरकार चुन कर आई है।

## बाइक सवार पिता-पुत्र पुल से गिरे, पिता की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ग्राम बचनपई में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, हादसे में पिता की मौत हो गई, वहीं पुत्र घायल हो गया। फरसगांव पुलिस ने शून्य मर्ग कायम किया है । जानकारी अनुसार ग्राम कंगाली थाना-अंतागढ़ निवासी प्रदीप पद्दा पिता पन्ना लाल पद्दा (30) अपने बेटे नैतिक पद्दा को लेने के लिए बहिगांव आया था और बहिगांव से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 27 एन 4789 में सवार होकर अपने घर जा रहा थे, घर जाने के दौरान शनिवार की शाम लगभग 5:30 बजे ग्राम बनचपई में इनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। बाइक में साथ पिता और पुत्र भी पुल के नीचे गए हैं। पिता बेहोश हो गया और पुत्र के हाथ पैर में चोट आई। ग्रामीणों की मदद से दोनों को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से फरसगांव अस्पताल लाया गया। फरसगांव अस्पताल में डॉक्टर ने घायल प्रदीप को मृत घोषित किया गया और घायल नैतिक को उपचार के लिए भर्ती किया गया। परिजनों की सूचना पर फरसगांव पुलिस ने थाने में शून्य में मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया है।





### 13 में एक पर 30 से अधिक मामले दर्ज

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में 13 बदमाशों को जिला बदर किया गया है, इसमें से एक बदमाश पर 30 से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। जिले के कोतवाली, बोधघाट एवं परपा पुलिस थाना क्षेत्र में लगभग 12 बदमाश हैं, जिसमें से 8 लोग निगरानी बदमाश हैं। बदमाशों में से एक दर्जन पर मारपीट, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी के मामले दर्ज हैं। नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मारपीट, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी के मामले कम हो रहे हैं। साथ ही विभिन्न मामले में जमानत पर निकले निगरानी बदमाशों को सर्चिंग की जाती है कि वे लोग कहां है और क्या कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना क्षेत्र में रात में भी पुलिस की टीम पेट्रोलिंग कर रही है और चौकों में पुलिस को तैनात की गई है, जिससे लोग चैन से रह सकें।

## संकुल खेल का समापन, विधायक ने किया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



समग्र शिक्षा संकुल कोहकामेटा, गुडरी पारा के अंतर्गत हुए संकुल खेल के समापन समारोह में विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। सर्व विदित हो कि विधायक बनने पश्चात पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। खेल स्पर्धा में चिखलामेटा,गौरगांव, नेलाझर, कोहकामेटा, चिखलाडीही, सिदावंड, गुडरी पारा,मंझीचेर्रा, हलिया, कोदोभाट के कुल 16 स्कूलों के 611बच्चो ने अपनी खेल स्पर्धा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में प्रशांत पात्र जिलाध्यक्ष युवा भाजपा कोंडागांव, वीरेंद्र बघेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवामोर्चा कोंडागांव, रामलाल सलाम पूर्व जिला पंचायत सदस्य, लंबोदर सलाम उपसरपंच बेड़मा, संतोष जायसवाल, प्रदीप सिंहा सांसद प्रतिनिधि, वसीम कच्ची, देवा पांडे,नीरा ध्रुव जनपद सदस्य, सोनू कश्यप,शांति मांझी, भवसागर बघेल, दिनेश नेताम, सतेंद्र भेड़िया,सरोजिनी चांदेकर, पद्मिनी कश्यप, पार्वती गावड़े आदि शामिल हुए।

विधायक ने बच्चों को शुभ आशीष देते हुए कहा भर पेट खाना, मन लगाकर पढ़ना, हर डेढ़ घंटे में पानी पीना अपने दैनिक जीवन में अनुसरण करें। प्रधानचेर्रा में खो खो फाइनल मैच देखकर विधायक प्रसन्न होते अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए कहा कि बच्चों आगे बढ़ो हौसला मत हारना, आपको सफलता जरूर मिलेगी।अपने माता पिता तथा ग्राम और ब्लॉक का नाम रोशन करते हुए आगे बढना है।

अगले साल का खेल कोहकामेटा पंचायत में होने पर विधायक ने सतेंद्र भेड़िया को संकुल झंडा सौपा। विजेता ,उपविजेता को पुरुषकृत किया। हलिया के बच्चों द्वारा विधायक को सुरक्षा घेरा देने वाली प्रस्तुति में खुश होकर विधायक महोदय ने नर्तक दल 1000 रुपए की धनराशि दी। संकुल की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत कर सप्रेम भेट दी गई।चैम्पियनशिप प्राथमिक व माध्यमिक दोनों ही वर्गों मे प्रधान चेर्रा को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हलिया प्राथमिक विद्यालय की शानदार प्रस्तुति रही। माध्यमिक वर्ग में प्रधान चेर्रा ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन लोकेश गायकवाड़ व प्रकाश साहू ने किया। संकुल प्राचार्य एस आर सिन्हा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संकुल समन्यवक शेख अजमुद्दीन व शोयेब अली के कुशल मार्गदर्शन में सभी 11 खेल संयोजक सदस्य निर्णायकगणों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### भाजपा सरकार ने जनता के साथ किया विश्वासघात : मनीषा

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट का विस्तार किया गया जिसमें 9 मंत्रियों ने शपथ ली लेकिन इसमें धमतरी जिले सहित सम्पूर्ण महासमुंद संसदीय लोकसभा क्षेत्र से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए धमतरी जनपद पंचायत अध्यक्ष मनीषा साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने न सिर्फ जिले बल्कि सम्पूर्ण महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात किया है। एक ओर भाजपा सभी क्षेत्र को सरकार में समुचित स्थान व समुचित विकास करने की बात करती है। लेकिन जब मंत्री मंडल में स्थान देने की बात आई तो भाजपा सरकार इसके विपरित कार्य कर रही है। पूर्व में जब 15 साल तक जब प्रदेश में भाजपा की सरकार रही तब भी धमतरी विस में विकास उम्मीद के अनुरूप नहीं हो पाया था। धमतरी विधानसभा व महासमुंद संसदीय क्षेत्र में विकास के मुद्दे पर भेदभाव किया जाता रहा है।



## पांच माह में 64 चाकूबाजों पर पुलिस कार्रवाई



**आनलाइन चाकू हथियार बेचने वालों पर कार्रवाई की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

बीते पांच माह में जिले की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में 64 चाकूबाजों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पहुंचाया है। अब पुलिस आनलाइन चाकू व हथियार मंगवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस ने चाकूबाजों पर कार्रवाई की है। वहीं आनलाइन चाकू व हथियार मंगवाने वालों की पुलिस ने सूची मंगवाई है। सूची मिलने के बाद पुलिस एक बार फिर चाकूबाजों के खिलाफ एक्शन मोड पर है। जुलाई से लेकर अब तक सिटी कोतवाली सहित जिले के थानों व चौकी में 64 चाकूबाजों पर आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत कार्रवाई कर चुकी है। जिसमें सिटी कोतवाली में 25 आरोपी, थाना अर्जुनी में 11, कुरूद में 12, रूद्री 2, भखारा 4, सिहावा 2, बोराई 1, केरेगांव 1, नगरी 1 दुगली 1 व बिरेझर पुलिस चौकी में 4 व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले भी इन आरोपियों के खिलाफ मारपीट एवं चाकूबाजी के और भी मामले दर्ज हैं।

वहीं चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने आनलाइन चाकू मंगवाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। साइबर सेल प्रभारी को आनलाइन बटंची, चाकू, धारदार हथियार मंगवाने वालों पर नजर रखने निर्देशित किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से चाकू दिखाकर डराने, धमकाने वाले की सूचना तत्काल थाने में देने की अपील की है।

## विस अध्यक्ष से मिला कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात की तथा विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता का आदेश सुशासन दिवस पर यदि जारी हो जायेगा तो प्रदेश के कर्मचारियों को लगेगा कि प्रदेश में कर्मचारी हितैषी सरकार आ गई है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक दीपक शर्मा, महासचिव गोपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी एमएस भास्कर, शासकीय अनुदान प्राप्त महासंघ के हेमंत ठाकुर, प्रकाश पवार, संजय नारंग, वासुदेव भोई ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने निज सचिव को मुख्य सचिव से चर्चा कराने के तत्काल निर्देश दिये। प्रतिनिधिमंडल में शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला, ओपी शर्मा, कमलेश सिंह राजपूत, आलोक मिश्रा, एसपी देवांगन, सतीश पसेरिया, एसएस सोनी, सुमित दुवे एवं रामस्वरूप पटेल मौजूद थे।

## 5 किलो अवैध गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर पुलिस ने अवैध रूप से गांजा परिवहन करते एक आरोपी को पकड़ा है। थाना सिटी कोतवाली को सूचना मिली की एक व्यक्ति ओडिशा से गांजा लेकर आ रहा है। सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम रवाना किया गया। धरमपुरा में संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम मनोज खोरा उम्र 25 वर्ष निवासी जैपुर जिला- कोरापुट, ओडिशा का होना बताया। जिसके पास में रखे बैग की तलाशी लेने पर 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्व कर कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा तथा एक सुजुकी एफजेड ए पी 39 सी ओ 6606 को जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

## सिर्री-चिंवरी के बीच बन रहे ओवरब्रिज रोड पर राखड़ भरी गाड़ियां दे रही दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिर्री





**शुक्रवार को बोलेरो और पिकअप में हुई भिड़ंत, दोनों चालक सुरक्षित**

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत विशाखापट्टनम तक बनने वाला रोड अब हादसों को आमंत्रण दे रहा है। बीते दिनों 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे सिर्री चिंवरी मार्ग में सीजी 04 केयू 2869 नंबर की बोलेरो और सीजी 07 सीएच 9702 नंबर की पिकअप आपस में भिड़ गई। सिर्री और चिंवरी गांव के बीच बन रहे ओवरब्रिज के कारण प्रोजेक्ट के तहत शामिल राखड़ से भरी गाड़ियां रास्ते में ही लंबी कतार बनाकर रख दी जाती है जिससे राहगीरों को आने जाने में रोज मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

22 दिसंबर की सुबह 9 बजे हमेशा की तरह राखड़ से भरी गाड़ियां रास्ते में ही मोड़ पर रख दी गई। मोड़ होने के कारण से दो गाड़ियां आपस में भिड़ गई। रफ्तार धीमी होने के कारण से चालकों को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बाहर निकल गए। चिंवरी मार्ग से सिर्री जाने रोज स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं। उन पर भी लगातार खतरा बना हुआ है। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के चलते रास्तों में हमेशा धूलों का गुब्बार बना रहता है जिसके चलते राहगीर परेशान है। साथ ही प्रोजेक्ट के तहत धड़ल्ले से चलने वाली गाड़ियां धीमी चलने का नाम नहीं लेती हैं। इससे प्रतिदिन हादसों की आशंका बनी रहती है। 22 दिसंबर को होने वाली दुर्घटना उक्त बातों को प्रमाणित करती है।

## पेज 7 के शेष

### किरण - केदार के स्वागत...

**प्रदेश में बस्तर का बढ़ा कद-** भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार बस्तर से सामान्य व्यक्ति को प्रदेश की भाजपा कमान को सौंपा है, इस निर्णय के बाद बस्तर के लोगों में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। आमजनता में यह चर्चा है कि बस्तर के लिए यह बड़ा निर्णय लिया गया है, बस्तर के किरण अब भाजपा को मजबूत करने के लिए बस्तर के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ में जी जान लगा देंगे और आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 प्रतिशत वोट बैंक बढ़ाने को जो लक्ष्य रखा है, उसे हासिल करने के लिए जी जान लगा देंगे।

**चारामा और माकड़ी में हुआ स्वागत-**चारामा में भाजपा मंडल के द्वारा स्वागत किया गया और जय जय श्रीराम के नारे लगे। प्रवेश द्वार पर काफिला लगभग एक बजे के आसपास पहुँचा और आधा घंटा स्वागत के उपरांत काफिला कांकेर लिए बढ़ा। माकड़ी तिराहा में कांकेर ग्रामीण मंडल और धनेलीकन्हार मंडल ने स्वागत किया और आरती उताकर मिठाई खिलाया। चारामा में प्रकाश जोतवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, आलोक ठाकुर, हेमेंद्र बंटी, गौरीशंकर साहू व भाजपा के समस्त नेताओं ने स्वागत किया। माकड़ी में धनेलीकन्हार मंडल से मंडल अध्यक्ष पंचूराम नायक, महामंत्री लोकेश्वर सेन और उनकी टीम ने स्वागत किया।

**आज तक नहीं हुआ ऐसा स्वागत-** कांग्रेस ने कोंडगांव के मोहन मरकाम को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष बनाया और सरकार के कई घोटालों को सामने लाया, जिसके चलते सरकार के मुखिया से तानातनी हो गई थी, उसके बाद उनको पद से हटा दिया गया, इसके बाद सांसद दीपक बैज को प्रदेशाध्यक्ष बनाया। दीपक बैज ने चित्रकोट के विधायक की टिकट काटकर स्वंय चुनाव लड़े और चुनाव हार गए। इन दोनो नेताओं का ऐसा स्वागत आज तक नहीं हुआ है, जैसा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का हुआ है।

**स्वागत में यह रहे उपस्थित-** स्वागत के दौरान सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, विधायक आशाराम नेताम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, दिलीप जायसवाल, दीपक खटवानी, अरूण कौशिक, टेकेश्वर जैन, रवि तिवारी, अशोक वलेचा, संजू गोपाल साहू, जयंत अटभैया,गिरधर यादव, योगश साहू, खेम तिवारी, पीयूष वलेचा, संजय खटवानी, हेमेंद्र खटवानी, ईश्वर कावड़े व भाजपा के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाइक को बाइक ने...

के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट करने से मेरे घुटने पर चोट लगा है एवं मेरी पत्नी पुनबत्ती सिन्हा के हाथ, कमर, सीना में चोट लगी है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 एस 7999 के चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सैनिक की दिनचर्या से...

लिए भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बल में भर्ती होना चाहते हैं। पीजी कॉलेज के कैडेट पुष्पेंद्र साहू, डोमेंद्र साहू, श्रद्धा मरकाम, उर्वशी जैन ने बताया कि कैंप करने के लिए अत्यंत उत्सुक हैं, घर से दूर रहकर सैनिक जीवन का दिनचर्या व अनुशासन सीखना फायदेमंद होगा। कैंप एडजुडेंट लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, ट्रेनिंग अफसर लेफ्टिनेंट श्याम लाल कुर्रे, कैंप क्वार्टर मास्टर हेमलाल साहू, सुनील ठाकुर, प्रदीप कुमार सिंग, पंकज सेन, कमल सिंह, एके सिंह, कैंप सूबेदार कृष्णदेव, सीएचएम शशिभूषण सिंह, हवलदार नरेश, हवलदार राजेश, हवलदार राजीव, नायक सुभाष आदि पीआई स्टॉफ तथा एनसीसी कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम कुहचे में पूजा-पाठ...

कुहचे निवासी 40 वर्षीय डेमनलाल पिता घसियाराम ने पुलिस को बताया कि 22 दिसंबर को ग्राम कुहचे देव राऊड में दर्रो परिवार वाले देवी धामी का पूजा कर रहे थे, तभी करीबन 11 बजे हम लोग उनके पीछे जाकर बैठ गए। मैं अपने साथी सुक्कुराम दर्रो और चन्द्रमणी दर्रो के साथ आपस मे बातचीत कर रहा था, तभी आरोपी रामकुमार दर्रो ने ऊंची आवाज में कहने लगा कि बातचीत मत करो, शांत रहो। पूजापाठ का कार्यक्रम खत्म होने के बाद मुझे उनके परिवार के बीच में बुलाया और दर्रो परिवार के कार्यक्रम मे क्यों टोका टाकी करते हो कहते हुए आरोपी रामकुमार दर्रो, अमृत दर्रो, राजेन्द्र दर्रो, बृजलाल दर्रो के द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मसीह समाज ने क्रिसमस...

गीत संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके बाद बच्चों का संस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। नगर के मुख्य चौक से होते रैली निकाली गई जिसमें समाज के लोग सदर बाजार से होकर ग्राम कंडेल से वापिस कोरर चौक से मंडी प्रंगण में पहुचे, उसके उपरांत समाज लोगो ने भोजन ग्रहण किया।

# छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर तेजी से हो रहा अमल : देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



दिल्ली में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश भाजपा संगठन की ओर से विचार व्यक्त किए। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व को जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में मोदी जी की गारंटी पर अमल शुरू हो गया है। कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी देकर बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने अटलजी की जयंती राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अवसर पर राज्य के किसानों को 2 वर्ष का बकाया बोनस दिया जा रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में हुई शानदार जीत के बारे में कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के इतिहास के समय से अब तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की यह सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को बताया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं और महिलाओं ने भी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध के विषय को लगातार उठाया। इसके खिलाफ जन आंदोलन किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, देश के गृहमंत्री अमित शाह सहित सभी के मार्गदर्शन हेतु प्रदेश भाजपा की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मौजूद रहे।

## हीराखण्ड को छोड़ राउरकेला और सम्लेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन 1 से 7 जनवरी तक नहीं चलेगी

# रेल लाइन दोहरीकरण के चलते यात्री ट्रेने बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



वाल्टेयर डिवीजन में दामनजोड़ी-बैगुडा स्टेशनों के बीच डबल लाइन चालू करने के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग इंटरलॉकिंग कार्य के कारण जगदलपुर तक चलने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसके चलते जगदलपुर से केआर(कोरापुट-रायगड़ा) लाइन में संचालित होने वाली तीन यात्री ट्रेने प्रभावित होगी। विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एके त्रिपाठी के मुताबिक 1 से 6 जनवरी 2024 तक राउरकेला से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 18107 राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस रायगढ़ा में रद्द हो जाएगी।

ट्रेन संख्या 18108 जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस 2 से 7 जनवरी तक जगदलपुर के बजाय रायगढ़ा से शुरू होगी और जगदलपुर और रायगढ़ा के बीच आंशिक रूप से रद्द है। हावड़ा से जगदलपुर तक नियमित चलने वाली सम्लेश्वरी एक्सप्रेस 2 से 6 जनवरी तक हावड़ा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस टिटलागढ़ में रद्द हो जाएगी। ट्रेन ट्रेन नंबर 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 3 से 7 जनवरी तक जगदलपुर के बजाय टिटलागढ़ से शुरू होगी और जगदलपुर और टिटलागढ़ के बीच आंशिक रूप से रद्द है। उल्लेखनीय है कि हावड़ा से जगदलपुर ट्रेन के 2 से 7 जनवरी तक रद्द होने से यहां का व्यापार-व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इसी लाइन में नियमित आने-जाने वाली भूवनेश्वर-जगदलपुर हीराखण्ड एक्सप्रेस प्रभावित नही होगी। कारण दोहरीकरण कार्य सुबह से शाम 5 बजे तक चलता है। हीराखण्ड एक्सप्रेस कार्य स्थल में गुजरने के दौरान रात हो चुका होता है। इधर समलेश्वरी ट्रेन से ज्यादातर कपड़े,पान,फैंसी,गर्म और उलन का व्यापार बस्तर के व्यापारी कोलकोता पर निर्भर है। हावड़ा के पहले मछेडा का प्रसिद्ध पान की मांग बस्तर में सर्वाधिक है। समलेश्वरी एक्सप्रेस से प्रतिदिन लाखो पान जगदलपुर पहुंचता है। यहां से दक्षिण बस्तर मसलन दन्तेवाड़ा, गीदम,बचेली और किरन्दुल जाता है। इधर सुकमा-कोंटा भी जगदलपुर से पान पत्ते परिवहन किया जाता है। एक दिन भी यह ट्रेन रद्द होने से 5 से 10 लाख का कारोबार प्रभावित होता है।

### बिहार क्षेत्र के लोगों को परेशानी

जगदलपुर से राउरकेला नियमित ट्रेन के सप्ताह भर तक रद्द होने से बिहार और उत्तरांचल के यात्रियो को ज्यादा दिक्कत होगी। इस अंचल के लोग इस ट्रेन से राउरकेला पहुंच वहां अटेचिंग ट्रेन की सुविधा मिलता है। राउरकेला बड़ा जंक्शन होने से स्टेशन से दर्जनों ट्रेने बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तराचंल तक आती-जाती है।

# टाकरागुड़ा और पेदापारा बेलर में हुआ कहानी कथन तिहार




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्राथमिक शाला पैदापारा, टाकरागुड़ा स्कूल में कहानी तिहार मनाया गया। जिसमें संकुल के पांच स्कूल शामिल हुए। कहानीकार ने बच्चों के परिवेश से लेकर अलग-अलग कहानी बताई गई और उसे बच्चों ने चित्र एवं कहानी के माध्यम से लिखाया गया। कहानी कथन उत्सव में कहानी के उद्देश्य के बारे में चर्चा किया गया। कम्युनिटी द्वारा अलग-अलग पूरे अभाव के साथ उतार-चढ़ाव लाइव तरीके से बच्चों को कहानी सुनाया गया। बच्चे बड़े मजे से कहानी का आनंद लिए और शिक्षक भी इस पहल को सराहा। बीआरसी रोमांचक सिंह ठाकुर ने कहानी कथन उत्सव का अवलोकन किया। इस दौरान सरपंच बोदाराम मंडावी, बोयदड मंडावी, बोड़ाराम, दुलगो राम बुधराम, शिक्षक ललन प्रसाद, कुलेश्वर रात्रे, रामाराम मंडावी, कुशलू बघेल, पूरन सिंह परिहार, दुष्यंत, सुदर बघेल, नरेंद्र कुमार ठाकुर, धर्मसिंग पुजारी, जगमोहन ठाकुर, संजय नाग, अमित मौर्य, भागवती, ओमवती मौर्य, रुकमणी, पार्वती कश्यप, कहानीकार बोदाराम मंडावी, सुमनी मंडावी, लचनी नाग, बोड़ा मंडावी, संजय, मेड़ा कश्यप, बुधराम कश्यप, टाकरागुड़ा के कहानीकार सरपंच हिड़मो राम मंडावी, रुपसिंग यादव, गंगा राम नाग, कलधर कश्यप, सोनधर कश्यप, लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से ब्लॉक अकादमिक समन्वयक टिकेश्वर सोनवंशी एवं मनीष नेताम, गंगा प्रसाद कश्यप उपस्थित रहे।

# एकाएक देर रात रैन बसेरा पहुंचे आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर में पड़ रहे कड़ाके की ठंड में रैन बसेरा में आकर रहे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा व समस्या तो नहीं हो रही उसे विषय

- समूचे परिसर की व्यवस्था का लिया जायजा
- रैन बसेरा में नियमित साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था को रखें दुरुस्त

को गंभीरता से लेते आयुक्त हरेश मंडावी ने शुक्रवार को देर रात अचानक शहर के नया बस स्टैंड में स्थित रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बसेरा की स्थिति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों एवं संचालित कर रहे महिला समूह को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आयुक्त ने समूचे परिसर के व्यवस्था का जायजा लिया। वहां रह रहे लोगों से हाल-चाल जानकार वहां की व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर मुसाफिरों से जानकारी ली। आयुक्त के चर्चा के दौरान कोंटा से आयें एक व्यक्ति ने रैन बसेरा की व्यवस्था की तारीफ करते बताया कि बसेरा में सारी सुविधाएं बहुत अच्छी है। वर्तमान में रैन बसेरा में 50 बिस्तर में 30 बिस्तर महिलाओं का 20 बिस्तर पुरुषों का एवं 10 बिस्तर दिव्यांग जनों के लिए आरक्षित है। जिसमें प्रतिदिन रात का किराया प्रति बिस्तर 30 रूपये निर्धारित किया गया है।

### न हो कोई समस्या

आयुक्त मंडावी ने रैन बसेरा में समुचित व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश देते महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ को समझाइस देते कहा बाहर से आने वाले मुसाफिरों को किसी प्रकार की समस्या न हो इस बात का विशेष ख्याल रखे। साथ ही समूचे परिसर और बाथरूम की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

### जल्द लगेगा सीसीटीवी

आयुक्त ने रैन बसेरा में जल्द सीसीटीवी कैमरा एवं टीवी लगाने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। रेन बसेरा को संचालित करने वाली महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर कमियों को दूर करने के साथ वहां आ रहे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मिश्रा राजस्व अधिकार मीनाक्षी नाग,राजस्व विभाग के राकेश यादव,विनय श्रीवास्तव,कुलदीप पाणिग्रही व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ का वार्षिकोत्सव 27 को

**जगदलपुर।** धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ का वार्षिकोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर दो दवसीय आयोजन होना है। इसमें मंगलवार को सुबह सामुहिक साधना, शाम को दीप महायज्ञ होगा। बुधवार को सुबह तीन कुंडीय यज्ञ एवं शाम को कार्यकर्ताओं की गोष्ठी होगी। इस वर्ष शक्तिपीठ अपना 48 वां वार्षिकोत्सव मना रही है।

## समर्पण...



**जगदलपुर।** दो दिवस तक चले संस्कार द स्मार्ट स्कूल के वार्षिकोत्सव का समापन शनिवार को शहर के नावेल्टी हेरिटेज में हुआ। समर्पण थीम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

# मेकाज के ईएनटी विभाग में शुरू हुआ साउंड फ्रूफ रूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में शनिवार की सुबह डीन, अधीक्षक, एचओडी की उपस्थिति में साउंड फ्रूफ रूम का उद्घाटन किया गया। इस विभाग के खुलने से बस्तरवासियों को काफी लाभ मिलेगा और बस्तरवासियों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके बारे में जानकारी देते हुए एचओडी डॉ. सुरजीत ने बताया कि यह एक आधुनिक मशीनी जांच है। यह जांच नवजात शिशु के लिए उपयुक्त है, इस प्रकार की सुविधा विशेषकर स्पेशियलिटी हास्पिटल में ही उपलब्ध होती है। इसमें कान की बीमारियां फुंसी, फोड़े, मोम का इकट्ठा होना, सुनाई देना जैसी अन्य बीमारियों की जांच की जाती है, सुनने की क्षमता की जांच ऑडियोमीटरी तकनीक से की जाती है। इसमें इलेक्ट्रोड को चेस्ट के बजाय स्कल (खोपड़ी) पर लगाकर बहरेपन या सुनने की क्षमता का पता लगाया जाता है। किसी बच्चे में सुनने की क्षमता है या नहीं, इसे जानने अब राजधानी या दूसरे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि अब बहरेपन का इलाज मेकाज में होगा। डॉक्टरों ने बताया कि कई सालों से इस मशीन की मांग की जा रही थी, इसके शुरू होने से एक ओर जहां चिकित्सकों को बहरापन जानने में सहायता मिलेगी। वहीं हैंडिकेप्ट प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी मशीन से रिपोर्ट आसानी से मिल जाएगी। यह मशीन रोगियों में कितना बहरापन है, इसे तुरंत बता देगी। उन्होंने बताया कि बैरा मशीन का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब बहरेपन का कोई भी फर्जी हैंडिकेप्ट प्रमाण पत्र नहीं बन सकेगा। इससे डॉक्टरों को भी सुरक्षा मिलेगी।

### ऐसे किया जाता उपचार

बताया जा रहा है कि बैरा जांच नवजात से लेकर कुछ सालों तक के बच्चों में होती है, क्योंकि बच्चे बहरेपन की शिकायत नहीं कर पाते। इस टेस्ट के लिए राइट लेफ्ट कान चिक के पास, सिर पर कैथोड लगाया जाता है, इसके बाद एक्टिविटी शुरू हो जाती है। कम्प्यूटर में साउंड वेव दिखने लगते हैं। पिक्चर अगर स्पष्ट दिखाई दे रही हो, तो इसका मतलब हियरिंग लॉस है। हियरिंग एड के बाद भी कोई हरकत नहीं है, तो कोकलिया इंप्लांट किया जाता है।

# स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विकसित भारत के तहत मानव विज्ञान अध्ययनशाला ने हेल्थ ऑफ ऑल फॉर विकसित भारत विषय पर

- विश्वविद्यालय में हेल्थ ऑफ ऑल फॉर पर व्याख्यान

व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष डॉ. स्वपन कुमार कोले थे। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत 2047 की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का विकास वहां के नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है। किसी भी राष्ट्र को वहां के स्वस्थ नागरिक विकसित बना सकते हैं। भारत को एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए लगातार काम हो रहा है। इससे जुड़ी कई हेल्थ स्कीम चलाई जा रही हैं। ऐसी योजनाएं राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास सरकारें कर रही हैं। कुलसचिव ने कहा कि स्वास्थ्य सभी के लिए सबसे जरूरी है। बेहतर स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं है। हमारे देश की जीडीपी भी स्वास्थ्य से ही जुड़ी है। विभागाध्यक्ष ने छात्रों को प्रॉब्लम, प्रॉस्पेक्ट एंड डेवलपमेंट ऑफ ट्राइबल्स इन बस्तर रीजन ऑफ छत्तीसगढ़ विषय पर जानकारी दी। छात्रों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से सिलसिलेवार बताया कि किस तरह से बस्तर में अलग-अलग जनजातियां निवास करती हैं और उनका रहन-सहन कैसा है। इन जनजातियों के विकास और उत्थान के लिए सरकार अलग-अलग कार्यक्रम चला रही हैं। अध्ययनशाला की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुकृता तिर्की ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी चिंतन करना चाहिए। जब हम पूरी तरह से स्वस्थ होंगे तो राष्ट्र को विकसित बना सकते हैं। इस दौरान एमबीए अध्ययनशाला से डॉ. नीलेश तिवारी, रश्मि देवांगन, पत्रकारिता एवं जनसंचार से केशव तिवारी समेत अलग-अलग विभागों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन डॉ. रामचंद्र साहू ने किया व आभार डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने माना।

# पावन कथा से होती भगवान की प्राप्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्थानीय राजा रुद्र प्रताप दे टाउन क्लब प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। श्री राधा रमन भागवत समिति के तत्वाधान में रविवार को भागवत कथा व्यास अंकुश महाराज ने कहा कि भगवान की पावन कथा के अभाव से आपको करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी कहीं कुछ नहीं मिलता किंतु कथा के माध्यम से भगवान की प्राप्ति होती है। भगवान की कथा सुनने से हमारा मन मस्तिष्क चार्ज हो जाता है, क्योंकि मन आनंद से भर जाता है, कथा से जीवन की व्यथा समाप्त हो जाती है। भागवत कथा के प्रभाव से बूढ़े जवान हो सकते हैं, जो मनुष्य सदा दूराचार एवं गलत मार्ग पर चलते हैं माता, पिता का अपमान करता है, कामी, व्यसनी, लोभी, व्यभिचार भी एक भागवत की कथा सुन लेता है उसके सारे अपराध क्षम्य हो जाता है।

# लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जिला दंतेवाड़ा द्वारा आज नई चेतना जेंडर कैम्पेन 2.0 लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान कार्यशाला का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार बिश्वरजंन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार कक्ष में किया गया था।

जिसमें विभिन्न विभागों समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग कृषि विभाग, सखी वन स्टाप सेंटर, प्रदान संस्था एवं बिहान की महिला केडरों पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बिहान के महिलाओं को जेंडर अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं के विरुद्ध किये जाने वाले हिंसा एवं उत्पीड़न को उचित समय व फॉर्म पर समस्याओं को रखने की सलाह देते हुये महिला हिंसा के विरुद्ध स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं सीएलएफ के द्वारा की जाने वाली कार्यों की सराहना की गई। इसके साथ ही कार्यालय में महिलाओं पर हो रहे हिंसा एवं उत्पीड़न से संबंधित जानकारियों, हिंसा एवं उत्पीड़न होने की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के उपाय एवं साधन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके अलावा डीपीएम उमेश पाल द्वारा जेंडर एवं लिंग भिन्नता पर परिचर्चा तथा, निकिता मरकाम ने जेंडर असमानता एवं घरेलू हिंसा के विरूद्ध किये जाने वाले जेंडर समानता गतिविधियों का एक जीवंत उदाहरण तथा जेंडर कैम्पेन की आवश्यकता की भूमिका समझाई। इस अवसर पर एनआरएलएम से डीपीएम कल्पना दीप, बालनरेश राव, नितेश देवांगन एवं प्रदान संस्था से आभा गुप्ता एवं पीपीआईएफ फेलो दिव्या, भजनलाल यादव, बीपीएम जनपद पंचायत कुआकोंडा रितेश साहू, यंग प्रोफेशनल जनपद पंचायत दंतेवाड़ा एवं समस्त जनपद पंचायत की बिहान कैडरों, जिला मिशन प्रबंधन इकाई पर कार्यरत समस्त अमलों की उपस्थिति थी।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

**कांकेर।** कच्चे चौकी पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ शिकायत मिलने पर आरोपी को उसके गाँव से दबोचा। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कच्चे चौकी की पुलिस ने बताया कि आरोपी बिरसु दर्रो के द्वारा डेढ़ साल पहले नाबालिक पीड़िता के घर पहुंचकर पीड़िता के परिजन की अनुपस्थिति में डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस तरह आरोपी द्वारा लगातार डेढ़ वर्षो से नाबालिक पीड़िता के साथ दुष्कर्म करते आ रहा था, जिससे नाबालिक गर्भवती हो गई और 20 दिसंबर को एक बच्ची को जन्म दिया। नाबालिक पीड़िता एवं नवजात शिशु को उचित चिकित्सकीय सुविधाए मुहैया कराया गया। पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी कच्चे पुलिस को दिया और पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2) (ढ) आईपीसी , 6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।मामला दर्ज कर 22 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### मोटरसायकिल पेड़ से टकराई, चालक की मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत नरेटीटोला के पास 17 नवंबर की रात साढ़े 10 बजें हुई सड़क नवंबर को बड़गांव थाना क्षेत्र के एनहुर निवासी 55 वर्षीय जगदेर मंडावी पिता मंगिया राम मंडावी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजे 3203 को स्वयं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये रोड़ किनारे परसा पेड़ में टकराकर गिरने से घायल अवस्था में रोड़ किनारे बेहोश होकर पड़ा था। ईलाज के लिए पीएचसी बड़गांव ले गया, जहां से हायर सेंटर रिफर करने पर सीएचसी दुर्गकोंदल ले जाया गया। चिकित्सक ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी चालक मृतक जगदेर मंडावी के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

### तारागांव संकुल में हुआ कहानी कथन उत्सव

**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला मुंजला संकुल तारागांव में समग्र शिक्षा अभियान एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन द्वारा कहानी कथन उत्सव का आयोजन किया गया। कहानी कथन उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों के परिवेश से जुड़ी हुई कहानी को एकत्रित कर कक्षा पहली, दूसरी व तीसरी के बच्चों के साथ कार्य करने एवं स्थानीय कहानी को संग्रह कर बच्चों के शैक्षिक उपयोग तथा सामाग्री निर्माण में मदद मिल सके एवं बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल बढ़ा सके। संस्कृति एवं परिवेश से जुड़ी कहानी को एक पुस्तक का रूप देकर सभी बच्चों तक पहुंचाया जाए। संकुल तारागांव 5 प्राथमिक शालाओं से 10-10 बच्चे एवं शिक्षक व स्थानीय जन प्रतिनिधि, कहानीकार उपस्थित रहे। स्थानीय कहानीकार द्वारा बच्चों को अलग-अलग स्थानीय कहानी हाव-भाव के साथ आनंदमय तरीके से सुनाया गया।

### भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाई खुशी

**गीदम।** भाजपा गीदम मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गीदम बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ विधानसभा में विष्णु देव साय मंत्रिमंडल गठन एवं जगदलपुर विधायक किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई। इस दौरान विजय प्रसाद तिवारी, नविन विश्वकर्मा, पुतान सिंह कुशवाहा, राजा गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश कुशवाहा, चंद्रकली, उदेश्वरी, राजेश सुराना, संतोष गुप्ता, अनीश जार्ज, परमेश कश्यप, अमित सिन्हा, रोशन शर्मा, नीरज शर्मा, संदीप निर्मलकर, प्रमोद गुप्ता, लक्की, अमन गुप्ता एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक विक्रम उसेंडी का नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भाजपा विधायक विक्रम देव उसेंडी का जीत के बाद पहली बार भानुप्रतापपुर नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। मुख्य चौक पर जमकर आतिशबाजी की गई।धुमाल की गूंज के साथ ही उन्हें फूलमाला के साथ मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान श्री उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो सरकार बनी है, जो जनता ने जनादेश दिया है उनके अपेक्षा कार्य की क्रियान्वयन होगी। केंद्र व राज्य में भाजपा के डबल इंजन की सरकार है निश्चित रूप से प्रदेश में विकास कार्यो में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों में कांग्रेस की कुशासन को जनता ने देखा है।

**कांग्रेस के कुशासन पर अब भाजपा का सुशासन**



**किया अभिनंदन**

बधाई देने वालो में निखिल सिंह राठौर, सचिन दुबे ,नरेंद्र शर्मा ,हेम सोनवानी, पार्षद चंद्र कुमार कटझरे, पार्षद मनीष साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश गावडे, हेम प्रकाश शिवहरे, रत्नेश सिंह नरोत्तम चौहान रिजवान कुरैशी, कुंदन साहू अरविंद जैन, मिलन साहू ,डीगेश खपाड़े, वरुण खापाडे, आकाश सोलंकी शंकर लाल गांधी ,ललित गांधी ,मोहन हदृवानी, ज्वाला प्रसाद जैन, राजिन्द्रर रंधावा, उर्मिला सूजा,कस्तूरचन्द,अनन्त गोपाल कोठारी, नरेश जैन, जैन,कुमुदनी खरे, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

गौठान भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था से ही जनता ने प्रदेश में जबरदस्त परिवर्तन किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने जा रही है। कल सोमवार को किसानों को दो साल का बोनस वितरण सहित कई जनहित कार्य किये जायेंगे। इस बार वरिष्ठ विधायको को मंत्रिमंडल में शामिल नही किया गया है इस पर बोले कि सभी को मौका मिलना चाहिए जो वरिष्ठ है उनका भी सहयोग व समर्थन बराबर मिलेगी। विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो मंत्रिमंडल बना है उसमें नया व पुराना का अच्छा समावेश होना बताया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लचर व्यवस्था पर उनका कहना था कि मंत्रिमंडल गठन के पश्चात ही व्यवस्था दुरुस्थ की जाएगी।

## सियासत : अंचल का विकास जन अपेक्षा के अनुकूल किया जाएगा

# नवनिर्वाचित विधायक सावित्री के प्रथम आगमन पर जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के नवनिर्वाचित विधायक सावित्री मंडावी का विधायक बनने के बाद प्रथम भानुप्रतापपुर नगर आगमन हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्षदों एवं समाज प्रमुखों ने बारी-बारी से चौक चौराहे पर नव निर्वाचित विधायक की फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, गाजे-बाजे के साथ आत्मिय स्वागत किया।

उन्होंने जीत को कार्यकर्ताओं की जीत बताया। विधायक ने कहा यह स्वागत रैली के साथ-साथ आभार रैली भी है, वे भानुप्रतापपुर के मतदाताओं के आभारी हैं ही जिन्होंने अपना मत एवं आशीर्वाद देकर उन्हें विधायक बनाया हैं। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ठाकुर ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विधायक के स्वागत का कार्यक्रम रखा था।





विधानसभा भानुप्रतापपुर के नवनिर्वाचित विधायक सावित्री मांडवी चुने जाने के बाद रविवार को भानबेड़ा, भानुप्रतापपुर पहुंचे यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया सबसे पहले भानबेड़ा में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और सभा कभी आयोजन किया गया। इसके बाद श्रीमती मंडावी खुली कार में भानुप्रतापपुर नगर पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं बड़ी गजमाला क्रेन के माध्यम से विधायक सावित्री मंडावी को पहनाया गया। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा साथ ही विजय जुलूस नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरी और बाबा शतराम शाह चौक में सभा का भी आयोजन किया गया। इसमे विधायक मंडावी ने कहा ने कहा भले ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी पर आप सबने मुझे जिस तरह सम्मान दिया है, स्व मंडावी का नाम को आगे बढ़ाने के लिए आप सबने भारी मतों से विजयी बनाया है इसे मैं कभी नहीं भूलूंगी। और प्रदेश में भले हमारी सरकार नहीं है पर किसी का काम नहीं रुकेगा, क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वे कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में शामिल रहेंगे और विधानसभा के विकास के लिए तत्पर रहेंगे।

इसमे प्रमुख रूप से जनक नंदन कश्यप, सुनील पाढ़ी, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र यादव, राजेश तिवारी, मनीष योगी, सुनाराम तेता, पंकज वाधवानी, भगवान कुंजाम, मुकेश चंद्राकर, जितेंद्र बेंजामिन, हितेश तिवारी, भगवती गजेंद्र, नमन जैन, फुरकान अहमद, श्याम शुक्ला, तुषार ठाकुर, गोलू गजेंद्र, रितेश संचेती, गोपाल राठी, किरण डोंगरे, रुकसाद खान, गणेश सोनी, अकरम क़ुरैशी, सुनहेर गजेंद्र आदि उपस्थित थे।

## पालक बालक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता पर की परिचर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिनौरी में 24 दिसम्बर को प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के प्रयास से पालक बालक एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा परिचर्चा में पालक बालक और शिक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम में माताओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कुर्सी दौड़, गोला फेंक, रस्साखींच बिंदी लगाओ, चम्मच दौड़ हुआ साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए फुगड़ी, बोरा दौड़, रस्सीकूद, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू ने कहा कि मां बच्चों का प्रथम गुरु होती है, जिसके सानिध्य में रहकर बच्चा बहुत कुछ सीखता है और बच्चे को अच्छी संस्कार देती है, जिससे बच्चे आगे बढ़ते है। आजकल शासन के द्वारा शाला में विभिन्न प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है जिसका लाभ पढ़ने वाले बच्चे ले रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुकलाल कोड़ोपी, अध्यक्षता सरपंच बसंती कुंजाम, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच उमेश कुमार दर्रो, सुजानिक निषाद शिक्षाविद, केजा राम कोड़ोपी अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति, संस्था मेकराम साहू, संतराम कुमेटी, भोज सिन्हा, शिक्षक सुरेश प्रधान, बोधन साहू, ओम प्रकाश रात्रे, कुसुमलता निषाद, कीर्ति साहू, रुपेंद्र पोया, भोज सलाम उपस्थित रहे।

## अंचल में धान परिवहन की गति धीमी, किसानों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत क्षेत्र के खरीदी केंद्र में धान उठाव नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ी रही है। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी को लेकर जिला एवं स्थानीय प्रशासन सख्त हो गया है, दुर्गुकोंदल ग्रामीण क्षेत्र से लगे धान खरीदी केंद्र कोदापाखा में धान के उठाव नहीं होने से धान लगातार जाम होते जा रहे हैं। धान जाम होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित अवधि में धान परिवहन नहीं किया गया तो आगामी दिनों में धान खरीदी बंद करना पड़ सकता है। धान खरीदी केंद्रों में अब तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है, लेकिन दुर्गुकोंदल में खरीदी केंद्र से उठाव शुरू नहीं हुआ है। धान खरीदी केंद्र में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है समय रहते उठाव नहीं हुआ तो समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रभावित होने की आशंका है। केंद्र में लगातार खरीदी के लिए टोकन जारी हो रहा है, इससे खरीदी में और तेजी आने की संभावना है। सेवा सहकारी समिति दुर्गुकोंदल, कोदापखा में धान खरीदी केंद्र में इस बार बंपर पैदावार होने के कारण अधिक धान आने की संभावना है, खरीदी केंद्र में धान की छलिया भर गई है बिक्री के लिए आने वाले धान को रखने खरीदी केंद्र में समस्या हो रही है। अधिक मात्रा में धान खरीदी होने के बाद भी अब तक धान का उठाव नहीं हो रहा है। समिति के लिए परेशानी हो बनती जा रही है। समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की मांग है कि केंद्रों में खरीदे गए धान का उठाव तत्काल प्रभाव से किया जाए, जिससे समय रहते अभी धान उठाव शुरू नहीं हुआ तो जल्द ही खरीदी केंद्र में जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है।

# राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर आज 2874 किसानों को दो करोड़ का बोनस मिलेगा

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर धान उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत विकासखंड दुर्गुकोंदल के 2014-15 एवं 2015-16 के खरीफ फसल के तहत समर्थन मूल्य पर धान बिक्री 2874 किसानों को 2 करोड़ 98 लाख 9920 रूपए बोनस राशि दी जाएगी। किसानों को एक और सौगात, 300 रुपए प्रति एकड़ मिलेगा बोनस, पूरी होगी मोदी की तीसरी गारंटी। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटियों को पूरा किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी के जन्मदिन पर एक और गारंटी पूरी होने जा रही है, आज किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया जाएगा। राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ सरकार ने तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है। दुर्गुकोंदल ब्लाक के 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति तथा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की 3100 सौ रूपए में खरीदी के वादे पर अमल के बाद अब किसानों को दो साल का बकाया बोनस का भुगतान किया जाना हैं। मोदी की गारंटी के रूप में राज्य के किसानों को दो वर्ष के बकाया भुगतान का वादा सरकार ने राज्य के किसानों से किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा तैयारियां कर त्योहार के रूप में बोनस मिलेगा। कृषि विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत किसानों से उक्त दोनों वर्षों में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के एवज में प्रति क्विंटल के मान से 300 रूपए की दर से बोनस धान उपार्जन प्रोत्साहन योजना का भुगतान किया जाएगा। बोनस राशि के भुगतान का कार्यक्रम राज्य स्तर से लेकर विकासखंड स्तर पर आज किया जाएगा। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 1 बजे जनपद अध्यक्ष संतो बाई दुग्गा के अध्यक्षता में बोनस त्योहार के रूप में मनाया जाएगा एवं बोनस राशि वितरण की जाएगी।

# एनएसएस का भंडारडिगी में सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राम पंचायत भंडारडिगी में नशा उन्मूलन के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 22 दिसंबर को ग्राम सरपंच धनेश नरेटी द्वारा रासेयो का ध्वजा उतारकर किया गया।

स्वयंसेवकों के द्वारा गांव के गली-मोहल्ले के सभी जल स्त्रोतों तालाब, नल, कुआं आदि के आसपास साफ-सफाई, सड़क किनारे गढ्ढों का मरम्मत एवं समतलीकरण, खेल मैदान का साफ सफाई, कूड़ा-कचरों के अपघटन के लिए गड्ढा बनाना, चौराहों में चबूतरा का निर्माण, आंगनबाड़ी व स्कूलों में प्रवेशित एवं शाला त्यागी बच्चों का सर्वेक्षण, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रागंण की साफ सफाई, गांव के निवासरत कुल जनसंख्या में वर्ग वार महिला-पुरुष शिक्षित अशिक्षित शासकीय सेवक व टीबी मरीज आदि का सर्वेक्षण किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा के दौरान मुख्य वक्ताओं द्वारा शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता, साइबर क्राइम, विद्यार्थी जीवन का महत्व, नशा उन्मूलन, प्रतियोगिता परीक्षा, कैरियर मार्गदर्शन आदि पर व्याख्यान दिया गया। सभी शिविरार्थियों द्वारा साथ दिवसीय विशेष शिविर का अनुभव मंच के माध्यम से साझा किया गया। रात्रि कालीन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के द्वारा समाज के लिए नशा मुक्ति, दहेज प्रथा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के प्रति जागरूकता आदि से संबंधित नाटक मंचन तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिविरकाल में सभी शिविरार्थी साथ मिलकर कार्य किया, सभी से घुलने मिलने का अवसर मिला, एक सामूहिक जीवन की सीख मिली।

आयोजित शिविर में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर एवं संस्था प्रमुख डीएल बढ़ाई, संरक्षक व प्रबंधन के कार्यक्रम अधिकारी जीआर मंडावी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी केएल मंडावी, डीएस कांगे, दिलीप कुमार ताम्रकार, नीलम नाग, सत्यवंती, सुमित्रा मंडावी व समस्त ग्रामवासी एवं समस्त स्वयंसेवक का योगदान रहा।

## हटकुल नदी कोदाभाट के पास हुआ हादस

# दो मोटरसायकिल की आमने-सामने भिड़ंत में पांच घायल और एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- एक्सीडेंट में आरक्षक लोकेश पोटाई गंभीर, हायर सेंटर रेफर

सरोना से कांकेर आ रही बाईक और कांकेर से सरोना जा रही बाईक के मध्य 24 दिसंबर की दोपहर को भिड़त हो गई। भिड़त जबरजस्त होने के चलते पाँच लोग घायल हो गए जिसमें एक बाईक चालक गंभीर होने के चलते बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।



कोतवाली में शिकायत करने पहुँचे गढ़पिछवाड़ी निवासी 21 वर्षीय लोकेश पटेल पिता कैलाश पटेल ने पुलिस को बताया कि मैं बीए की पढ़ाई करता हूँ। मैं 24 दिसंबर को दोपहर करीबन 3 बजे मैं अपने पड़ोसी आरक्षक लोकेश पोटाई के साथ उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 2923 से कांकेर गढ़पिछवाड़ी से सरोना की तरफ जा रहे थे। मोटर सायकल को लोकेश पोटाई चला रहा था, ग्राम कोदाभाट के पुल के पास पहुंचे थे, तभी सरोना की ओर से बिना नंबर की मोटर सायकल यामाहा एमटी-15 मोटर सायकल चालक अपनी मोटर सायकल को तेज लापरवाही व उतावलेपन से चलाकर हमारी मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम दोनो मोटर सायकल सहित रोड़ में गिर गए। एक्सीडेंट से लोकेश पोटाई के दोनो हाथ, दोनो पैर व शरीर में चोटे आई है और मुझे दाहिने कंधा व बदन में चोट लगने से दर्द हो रहा है। घायलों को ईलाज के लिए कोमलदेव अस्पताल में लाया गया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल आरक्षक लोकेश को हायर सेंटर रेफर किया गया। सरोना की ओर से आ रही बाईक में सवार बुदेली निवासी रामभोला कावड़े, जीतेश ध्रुव, करन कोमरे घायल हो गए, जिनका ईलाज समाचार लिखे जाने तक कोमलदेव अस्पताल में जारी था।

बाईक में सवार व घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ 279, 337 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

